**मंगलवार**
12 जुलाई 2022



पृष्ठ 4
**भिंडी का सेवन करना सेहत के लिए है लाभकारी**



पृष्ठ 5
**वरिना ने अपनी अदाओं से किया लोगों को मदहोश**




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 157
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00


**आज का विचार**

किताबें ऐसी शिक्षक हैं जो बिना कष्ट दिए, बिना आलोचना किए और बिना परीक्षा लिए हमें शिक्षा देती हैं।
— अज्ञात


# दूनवैलीमेल

आर.एन.आई.- 59626/94
साध्य दैनिक
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


# बाल वाटिकाओं में तैयार होगा अब नौनिहालों का भविष्य

## ●सीएम ने किया नई शिक्षा नीति का शुभारंभ

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने आज से राज्य में नई शिक्षा नीति लागू कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद नई शिक्षा नीति का शुभारंभ किया। राज्य के नौनिहालों को अब सरकार द्वारा स्कूल जाने से पहले बाल वाटिकाओं में शिक्षा के लिए तैयार किया जाएगा जिससे उनकी शिक्षा का मजबूत आधार तैयार हो सके।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज यहां प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय के नवनिर्मित भवन में पूजा अर्चना की और भवन का लोकार्पण किया। सीएम धामी ने यहीं से आज नई शिक्षा नीति का शुभारंभ करते हुए बाल वाटिकाओं का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य की नई शिक्षा नीति से अब बच्चों की शिक्षा



के आधार को मजबूती मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत जो प्री प्राइमरी क्लासों की व्यवस्था की गई है उसे शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों की तरह कक्षा एक में प्रवेश से पहले यह बच्चे शिक्षा के लिए मानसिक रूप से तो तैयार होंगे ही साथ ही पहली और दूसरी कक्षाओं में जितना आज वह सीख पाते हैं वह इससे पहले ही सीख चुके होंगे और उन्हें यह लगेगा कि उन्हें सब कुछ आता है। पढ़ाई को मुश्किल काम मानने और उससे बचने की प्रवृत्ति इससे समाप्त हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति के तहत पहले चरण में इसकी शुरुआत आगनबाडी केंद्रों से की गई है। राज्य में 20 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र हैं जिनमें 14 हजार से अधिक सहायक शिक्षिकाएं व 5 हजार के लगभग कार्यकत्रियों हैं जिन्हें ट्रेनिंग के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिनके कंधों पर अब राज्य के नौनिहालों के प्रारंभिक भविष्य को सवारने की जिम्मेवारी होगी। इन प्री प्राइमरी क्लासेज में बच्चों को भविष्य की शिक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। साधारण शब्दों में इसे नर्सरी, केजी क्लासेज के रूप में कहा जा सकता है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां एनआईपी लागू की गई है। इस अवसर पर मौजूद रहे शिक्षा मंत्री

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई अब देवरानी-जेठानी पर आई

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस में जारी घमासान सब कुछ गंवा देने के बाद भी थमता नजर नहीं आ रहा है। हिस्से हिस्से में बंटी कांग्रेस के नेताओं की यह लड़ाई अब जेठानी और देवरानी की लड़ाई तक आ गई है।

बीते कल डॉक्टर हरक सिंह ने विपक्ष को कमजोर बताते हुए कहा था कि वह अब न सदन में न सड़कों पर कहीं भी संघर्ष करता दिखाई नहीं देता है। उनके बयान का प्रीतम सिंह ने भी समर्थन किया था। जिसके जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आज डॉ हरक सिंह पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सदन में भी मजबूत है और सड़कों पर भी। विपक्ष की घेराबंदी के कारण ही सदन की कार्रवाई को सरकार 3 दिन पहले ही समेटने पर विवश हो गई। अग्निपथ का विरोध विपक्ष पूरी ताकत से कर रहा है। उन्होंने कहा कि जेठानी की ढिढाई, चलो देवरानी बाहर तो आई। उन्होंने कहा कि मुझे जो जेठानी कहते हैं मेरी ठिठोली से ही सही वह (देवरानी) घर से बाहर तो निकले। चुनाव के बाद

**❑आज हरिद्वार में कांग्रेसी नेताओं ने बनाई नई रणनीति**

डॉ हरक सिंह कांग्रेस की हर गतिविधि से दूरी बनाए हुए थे।

भगतदा से डा. हरक सिंह की मुलाकात के बाद गरमाई सूबे की राजनीति में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हरक सिंह के साथ कांग्रेसी नेताओं की बैठक को लेकर भी कई तरह की बातें हो रही है जो यह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस में एक बार फिर गुटबाजी चरम पर पहुंच रही है। प्रीतम सिंह ने कल ही संकेत दिया था कांग्रेस अब संघर्ष करते नजर आयेगी। हम सब मिलकर पूरी ताकत से भाजपा का मुकाबला करेंगे जो विपक्ष को कमजोर करने में जुटी है। खबर है

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर


## यूपी की सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए पीएसी बल को समाप्त करने की साजिश की गई थीः योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए पीएसी बल को समाप्त करने की साजिश की गई थी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को यहां पुलिस लाइन में प्रोविंशियल आर्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) में भर्ती आरक्षियों की दीक्षांत परेड में 'मान प्रणाम' स्वीकार करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उपरोक्त दावा किया। योगी आदित्यनाथ ने बिना किसी का नाम लिए कहा, एक साजिश के तहत उप्र पीएसी बल को समाप्त करने की कोशिश हो रही थी, जिसके तहत 54 कंपनियां समाप्त कर दी गई थीं। उन्होंने कहा, आज जब मैं पीएसी के नवनियुक्त आरक्षियों की शानदार परेड को देख रहा था तो मुझे स्वयं अहसास हो रहा था कि वास्तव में उप्र की सुरक्षा में सेंध लगाने की कितनी बड़ी साजिश थी। योगी ने कहा, होनहार जवानों को प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनने से रोकने के लिए उन कंपनियों को समाप्त करते हुए इन नौजवानों को प्रदेश और देश की सेवा से वंचित करने का एक कुत्सित प्रयास किया गया था। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में भी योगी ने पीएसी के एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा था, जब हम उप्र में सत्ता में आए तब पीएसी की जो 54 कंपनियां समाप्त कर दी गई थीं, उनको बहाल करने के साथ तीन महिला बटालियन गठित करने की शुरुआत की।

# देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 13 हजार से ज्यादा नए मामले आए, 20 लोगों की मौत

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 13,615 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,36,52,944 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,31,043 पर पहुंच गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 20 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,25,474 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,31,043 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.30 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 330 की बढ़ोतरी हुई है। मरीजों के



ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.50 प्रतिशत है।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

इससे पहले 9 जुलाई को कोविड-19 की वजह से 43 मरीजों की मौत हो गई थी। इस दिन 18,840 नए केस दर्ज किए गए थे। तब पॉजिटिविटी रेट 4.14 फीसदी हो गई थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# बर्बादी का सबब बनती आबादी

विश्व जनसंख्या दिवस पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में नवंबर 2022 में भारत के सर्वाधिक आबादी वाला देश बनने का जो दावा किया गया है उस पर अधिक चौंकने की जरूरत नहीं है। यह बात अलग है कि यह पहले हो रहा है। पूर्व अनुमान यह था कि 2027 में भारत की आबादी सभी अन्य देशों से अधिक होगी लेकिन यह 5 साल पहले ही हो गया। आबादी की इस विस्फोटक स्थिति को 70 के दशक में ही भांप लिया गया था जब सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन कानून लाया गया था यह कहना कदाचित भी अनुचित नहीं होगा कि इस कानून का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं होने के कारण ही आज देश में न सिर्फ जनसंख्या की स्थिति विस्फोटक हो चुकी है बल्कि जनसंख्या का असंतुलन भी एक बड़ी समस्या के रूप में देश और समाज के सामने है। यूपी के सीएम योगी ने जो कहा है वह कतई भी गलत नहीं है। कि जनसंख्या वृद्धि राष्ट्र व समाज के विकास में सबसे बड़ा अवरोध है। आबादी के असंतुलन से अव्यवस्था और अराजकता का खतरा है। सबसे अधिक आबादी वाले भारत के पड़ोसी मुल्क चीन ने 1979 में एक परिवार एक संतान का कानून लाकर जिस मुस्तैदी से अपनी जनसंख्या को नियंत्रण में रखा गया, अगर भारत में भी परिवार नियोजन को सख्ती से सभी धर्म और जाति के लोगों पर लागू किया गया होता तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि विश्व की 61 प्रतिशत आबादी एशियाई देशों में है इसका अर्थ जहां आबादी अधिक वह विपिन्नता और जहां आबादी कम वहां संपन्नता है। हमने छोटा परिवार सुखी परिवार जैसे नारे तो गढ़े लेकिन व्यवहार में वैसा कुछ किया नहीं। आज विश्व की आबादी 800 करोड़ के आसपास है और भारत की आबादी सवा सौ करोड़ से ऊपर हो चुकी है। जो अधिक से भी अधिक है। खास बात यह है कि आज भी कुछ लोग आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हैं और जनसंख्या विस्फोट की स्थिति को अभी भी राजनीतिक स्टंट बताया जा रहा है। यह स्थिति निश्चित तौर पर बिल्ली को सामने खड़ा देखकर कबूतर के आंख बंद कर लेने और यह सोचने की अब बिल्ली भी उसे नहीं देख रही होगी जैसी ही है। देश में प्राकृतिक संसाधनों की भले ही कितनी भी प्रचुरता क्यों न हो लेकिन जनसंख्या अधिकता की स्थिति में विकास की बात तो दूर गरीबी की रेखा से ऊपर आ पाना भी संभव नहीं होता। बीते चार पांच दशक से भारत विकासशील देशों में शुमार होता रहा है लेकिन विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आज तक नहीं पहुंच सका है इसका कारण क्या जनसंख्या का अधिक दबाव नहीं है? देश आजादी का अमृत महोत्सव तो मना रहा है और आधी आबादी भूख से लड़ रही है जिसकी जिंदगी सरकार की सहायता से चल रही है। फिर भी हम जानने को तैयार नहीं हैं। जनसंख्या के मुद्दे पर एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर बहस तो छिड़ी है लेकिन किस मुकाम तक पहुंचेगी खुदा जाने।

# प्यार, छल और मर्डर मिस्ट्री से जुड़ी पांच अनूठी कहानियों का संकलन है 'तेरा छलावा'

देहरादून (कासं)। हंगामा डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले एक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म, हंगामा प्ले ने अपना नया हिंदी ओरिजिनल एंथोलॉजी- तेरा छलावा लॉन्च किया है। इस क्राइम थ्रिलर में कविता कौशिक, कबीर सदानंद, संदीपा धर, मनीष गोपलानी, अन्वेषी जैन, समीक्षा बटनगर, अमित बहल, धीरज तोतलानी, आभास मेहता, वेदिका भंडारी और अर्चना वेडनेकर जैसे इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े नाम मुख्य भूमिकाओं में हैं। रोशमिला भट्टाचार्य द्वारा लिखित तेरा छलावा में प्यार, धोखे और मर्डर मिस्ट्री से जुड़ी हुई पांच अनोखी और उलझी हुई कहानियां हैं, जो निश्चित रूप से आपको स्क्रीन से बांधे रखेंगी और आप अपनी सीट से उठ नहीं पाएंगे। इनमें से हर कहानी को पांच अलग-अलग निर्देशकों ने निर्देशित किया है। निर्देशकों में कबीर सदानंद (जलपरी, गुलाबो), प्रबल बरुआ (हैप्पी एनिवर्सरी), दीपक सुनील प्रसाद (ओह बेबी), और राजिंदर सिंह पुलर( कश्मकश) शामिल हैं।

जब आप प्यार में होते हैं तो आप कुछ भी कर सकते हैं। प्यार आपको सबसे ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ाएगा... सबसे गहरे समुद्र को पार कराएगा। साथ ही साथ अप्रत्याशित घटनाओं की वजह से यह आपको पागल भी कर सकता है। श्तेरा छलावाश ऐसी ही पांच असामान्य कहानियां लेकर आया है जहां प्रेम बर्बादी का द्वार है। चाहे वह वेश्या हो, जो नए सिरे से जिंदगी को शुरू करने के लिए कुछ भी कर सकती है, एक कपल जो अपनी पहली प्रेगनेंसी को सेलीब्रेट कर रहा है और साथ ही साथ बेवफाई से भी निपट रहा है, एक पति अपनी शादी की सालगिरह पर अपनी पत्नी को सरप्राइज करने के लिए अपनी आर्थिक क्षमताओं से ऊपर और परे जा रहा है, एक जाने-माने संगीतकार को अपने जीवन का सबसे मुश्किल फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा या एक सफल उपन्यासकार जो अनजाने में अपने ही कयामत की स्क्रिप्ट लिख देता है। ये सभी कहानियाँ प्रेम की जटिल बारीकियों को बयां हैं। हमने सुना है कि प्यार मारता भी है, लेकिन हममें से कोई नहीं जानता कि कैसे, कब और क्यों। तेरा छलावा इस यूनिवर्सल फीलिंग के उन गहरे पक्षों की पड़ताल करता है।

## कौशल विकास की ओर बढ़ते एसटीएफ के कदम

# दूसरे पुलिस हैकाथॉन में 1000 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

संवाददाता

देहरादून। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि 21वी सदी में साइबर अपराध की चुनौती पर एकजुट होकर इससे मुकाबला करने के लिए अपना कौशल विकास को बेहतर बनाने के लिए हैकाथॅान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसका रजिस्ट्रेशन 22 जुलाई तक ही होगा। इसमें अभी तक 1000 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

आज यहां एसटीएफ के एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि दूसरे पुलिस हैकाथॉन में 1000 से अधिक प्रतिभागी एवं देश के हर राज्य से 500 टीमों द्वारा पंजीकरण। भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के पर्व पर उत्तराखण्ड पुलिस को नये आधुनीकिकरण समाधान मिलेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में साइबर अपराधो में काफी तेजी से वृद्धि हो रही है। जिसमे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध देश के कोने कोने से सामने आ रहे है। साइबर अपराध बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण दिन प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की तकनीको की उन्नति भी है। इस कारण यह भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि पुलिस भी अपने संसाधनो में अधिक से अधिक तकनीकी सुधार करने का प्रयत्न कर रही है। जिसका उद्देश्य 21वीं सदी में साइबर अपराध की चुनौती पर एकजुट होकर इससे मुकाबला करने के लिये अपना कौशल विकास को और बेहतर बनाना है। इसी के लिए हैकाथॅान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके रजिस्ट्रेशन कराने की आखरी तिथि 22 जुलाई है।

उन्होंने बताया कि पुलिस को साइबर अपराध से निपटने हेतु नये-नये टूल्स की आवश्यकता है। विगत वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर हैकाथॅान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी गृह मंत्रालय भारत सरकार व विभिन्न राज्यों द्वारा सराहना की गयी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी माह अगस्त में हैकाथॅान प्रतियोगिता की द्वितीय श्रृंखला का आयोजन कराया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी रूडकी के साथ मिलकर आईआईटी रूडकी में आयोजित करायी जायेगी। उक्त प्रतियोगिता में महिन्द्रा कम्पनी (टेक महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा डिफेन्स) द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस का सहयोग इनोवेशन पार्टनर टेक्नालॉजी इनोवेशन हब द्वारा किया जायेगा।

महिन्द्रा कम्पनी उत्तराखण्ड पुलिस औद्योगिक भागीदार के रुप में शामिल हो रहा है। बहुत जल्द भारत की अन्य बड़ी आईटी कम्पनियों के साथ प्रतियोगिता हेतु साझेदारी स्थापित की जायेगी एवं इस वर्ष उक्त प्रतियोगिता को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कराने हेतु प्रयासरत है। प्रभारी एसटीएफ द्वारा बताया गया कि इस सम्पूर्ण प्रक्रिया से एक स्मार्ट पुलिस की तरफ बढ़ते हुये विभिन्न पहलुओं पर जटिल समस्याओं से निपटने हेतु नये-नये समाधानों का एक मार्ग स्थापित होगा। जो कि स्मार्ट पुलिसिंग की और उत्तराखण्ड पुलिस का एक और अहम योगदान होगा।

# कांवड यात्रा को लेकर एसएसपी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

संवाददाता

देहरादून। डीआईजी, एसएसपी जन्मजेय खंडूडी ने कांवड यात्रा को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां जन्मजेय खंडूरी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों एआरटीओ ऋषिकेश की उपस्थिति में ऋषिकेश व्यापार संघ तथा ऑटो, टेक्सी, ट्रक, ई-रिक्शा संघ के संचालकों, प्रतिनिधियों के साथ आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर की जा रही तैयारियों के सम्बन्ध में एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्टि के दौरान द्वारा उपस्थित सभी थाना प्रभारियों से आगामी कावड़ यात्रा के दृष्टिगत उनके द्वारा की जा रही तैयारियो की जानकारी ली तथा गोष्टि में उपस्थित जनप्रतिनिधि े से समस्या एवं सुझाव की जानकारियां लेकर उपस्थित अधिकारियों को निम्न दिशा



निर्देश दिए गये। इस वर्ष की यात्रा में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आना सम्भावित है, जिस कारण ऋषिकेश में यात्रा मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहेगा।

यथासम्भव सड़क मार्ग के किनारे चौड़े स्थानों पर ही पार्किंग स्थल चिन्हित आवश्यक तैयारियां समय से पूरी की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि पार्किंग संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर पार्किंग सम्बन्धी सभी गतिविधियां सुनियोजित रूप से सुनिश्चित की जाये तथा सभी पार्किंग स्थलों पर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पार्किंग स्थल में एन्ट्री एवं एग्जिट प्वाइंट अलग-अलग हों। यात्रा काल के दौरान यातायात का संचालन स्मार्ट कंट्रोल रूम (सीसीटीवी कैमरा एवं वायरलैस सेट) के माध्यम से सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। यात्रा के दौरान आवश्यक सेवाओं के वाहनों को न रोकने तथा उन्हें शहर में प्रवेश की अनुमति हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। कावड़ यात्रा के दौरान स्थानीय जनमानस को असुविधा से बचाने के लिए उनके वाहनों के पास बनाकर शहर में प्रवेश की अनुमति देने के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

कस्तमिन्द्र त्वावसुमा मर्त्यो दधर्षति।
श्रद्धा इत्ते मघवन्पार्ये दिवि वाजी वाजं सिषासति।।

(ऋग्वेद ७-३२-१४)

एक मनुष्य जिसकी श्रद्धा परमेश्वर में है, और जो लोगों के हित में कार्य करता है। उसको भला इस मृत्युलोक का एक प्राणी क्या हानि पहुंचा सकता है। उसका तो रक्षक स्वयं प्रभु है।

A person who has faith in God and who is working for the welfare of the people, is protected by God. A mortal person in this world can never be able to hurt him. (Rig Veda 7-32-14)

## मोटरसाईकिल चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने खुले स्थान से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भल्लाफार्म श्यामपुर निवासी मन्दीप धनाई ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से एनडीएच स्कूल गया था तथा उसने अपनी मोटरसाईकिल स्कूल के बाहर खडी कर दी थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कार बीच से हटाने के विवाद में किया फायर, मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। कार को बीच से हटाकर साईड में खडी करने का बोलने पर कार सवार युवकों ने फायर झोंक दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाकरा गढी कैण्ट निवासी रजत नौटियाल ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह रात्रि में अपने मित्र के साथ कैनाल रोड पर लोटस चौक की तरफ जा रहा था तभी अचानक पर बीच रोड मे एक स्विफ्ट कार खडी थी जिसके पास 04 लड़के खड़े थे। उसके द्वारा उनसे अपील की गई की गाड़ी बीच रोड़ से हटाई जाए परन्तु गाड़ी को वहाँ से नही हटाया गया। उसने कहा कि गाड़ी बीच रोड़ मे नही खड़ी की जानी चाहिए। इस बात पर उन्होने उससे गाली-गलौच एवं धमकी देना शुरु कर दिया। जैसे ही उसने पुलिस को फोन लगाने की कोशिश करी उन 04 लड़को मे से एक लड़के ने पिस्टल निकालकर बोला आज तेरे को जान से मारता हूँ और उस लड़के ने 04 बार पिस्टल से निशाना बनाकर फायर किया। वह जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर गाड़ी मे बैठा तब हमलावर वहां से भाग गये।

## सैंट्रो कार में बेच रहा था शराब, पुलिस ने की छापेमारी तो हुआ फरार

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। सैन्ट्रो कार में अवैध शराब बेचते हुए जब पुलिस ने मौके पर छापेमारी की तो चालक फरार हो गया। पुलिस ने कार से तीन पेटी अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए कार को सीज कर दिया है। वहीं दूसरी ओर शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है साथ ही पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने में 147 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही भी की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज एसओजी व चौकी चण्डाक पुलिस सूचना मिली कि क्षेत्र में एक व्यक्ति अपनी सैंट्रो कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेच रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम बताये गये स्थान पर पहुंची तो पाया कि ग्राम छेड़ा में चंद कुटीर के सामने संदीप चन्द पुत्र देवी चन्द निवासी छेड़ा पिथौरागढ़ द्वारा अपनी कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेची जा रही थी । पुलिस टीम को अपनी ओर आते देखकर संदीप तेजी से गाडी का दरवाजा खोलकर भाग गया। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस ने उसमें रखी शराब की तीन पेटियां बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इसी क्रम में बेरीनाग थाना पुलिस द्वारा हेम तिवारी नामक वाहन चालक को शराब पीकर वाहन चलाने की धाराओं में गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस व जनपद के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में की जा रही चैकिंग के दौरान 147 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने सत्यनारायण मन्दिर के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से छह ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम रोहित ठाकुर उर्फ काकू पुत्र राजू ठाकुर निवासी कैनाल रोड गुमानीवाला श्यामपुर बताया। वहीं सहसपुर पुलिस ने तीपरपुर शिवमन्दिर के पास से एक युवक को पांच ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम शाहरूख पुत्र ममताज निवासी छरबा बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान जौलीग्रान्ट चौकी के पास एक मोटरसाईकिल सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख मोटरसाईकिल वापस मोडकर भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास पकडे थैले की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 100 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम निखिल कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी बुग्गावाला हरिद्वार बताया। वहीं ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने श्यामपुर फाटक के पास से एक व्यक्ति को 52 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास पुत्र सूरजमणि निवासी अमित ग्राम बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

## बिजली कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का धरना जारी

बागेश्वर (आरएनएस)। उत्तर भारत हाइड्रो पावर कंपनी के विरुद्ध खारगबड़ के ग्रामीणों ने सांकेतिक धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। जिससे नुकसान भी होने लगा है, लेकिन कंपनी ने अभी तक भू-धंसाव और पानी के रिसाव से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं। सोमवार को संघर्ष समिति के अध्यक्ष हयात सिंह बड़ती के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पावर हाउस के पास सांकेतिक धरना दिया। प्रभावित क्षेत्र खारबगड़, रीठाबगड़, भानी, परमटी, चीराबगड़, तिमलाबगड़, डोडिला, कन्यूटी के ग्रामीणों ने कंपनी पर अनदेखी का आरोप लगाया है। बीते दिनों से खारबगड़ में भूधंसाव और पानी रिसाव हो रहा है। इससे गांवों पर खतरा मंडराने लगा है। यदि बड़ी दुर्घटना हुई तो उसका जिम्मेदार कंपनी होगी। उन्होंने जिला प्रशासन से भी मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। इस दौरान गोविंद सिंह, हरीश सिंह, गीता देवी, कमला देवी, सुंदर सिंह, पार्वती देवी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## अक्षय पात्रः केन्द्रीयकृत रसोई का उद्घाटन 15 को

संवाददाता

देहरादून। अक्षय पात्र फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरतर्षभ दास ने बताया कि अक्षय पात्र फाउण्डेशन प्रदेश में सबसे बडी केन्द्रीयकृत रसोई खोलने जा रही है जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री के द्वारा किया जायेगा जिसमें स्कूली विद्यार्थियों को पीएम पोषण कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन दोपहर को भोजन (मिड डे मिल) परोसा जायेगा।



आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भरतर्षभ दास ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 15 जुलाई को राजधानी की तहसील विकासनगर के ग्राम सुधोवाला में अक्षय पात्र फाउण्डेशन की प्रदेश की सबसे बडी केन्द्रीयकृत रसोई का उद्घाटन करेंगे।

उक्त रसोई में प्रतिदिन 35 हजार स्कूली विद्यार्थियों को पीएम पोषण कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन (मिड डे मिल) परोसा जायेगा। उन्होंने बताया कि अक्षय पात्र देश भर में अपनी 63वीं रसोई के खुलते ही प्रतिदिन 19 लाख विद्यार्थियों को 14 राज्यों के 20 हजार से अधिक विद्यालयों में भोजन उपलब्ध करवा पायेगा। उन्होंने बताया कि अक्षय पात्र की किचन बेहद आधुनिक होगी

### ❑स्कूली विद्यार्थियों को परोसा जायेगा मिड डे मिल

जिसमें मशीनों के जरिये रोटी, सब्जी, दाल व चावल तैयार किये जायेंगे। एक बार में करीब एक किण्टल आटा गुंथने की मशीन एवं चपाती मशीन से 20 हजार रोटियां बनायी जा सकेगी साथ ही एक बार में 1200 लीटर दाल व कुकर में 100 किलो चावल बन सकेंगे। दो एकड में फैली उक्त किचन की निर्माण लागत करीब दस करोड रूपये आयी है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत, टिहरी सांसद श्रीमती माला राजलक्ष्मी शाह, सहसपुर विधायक सहदेव पुण्डीर भी मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउण्डेशन के वाईस चेयरमैन चंचलापति दास करेंगे तथा हंस फाउण्डेशन के भोले जी महाराज व माता मंगला समेत सीईओ संदीप कपूर भी मौजूद रहेंगे।

## शिकंजा कसता देख हरक ने मांगी कोश्यारी से पनाहः नेगी

नगर संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि कल पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने अचानक महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की चौखट पर (घर ) पहुंच कर अपने गुनाहों, महा घोटालों एवं अपनी बेहद करीबी दमयंती रावत( तत्कालीन सचिव कर्मकार कल्याण बोर्ड) की प्रतिनियुक्ति मामले में हुए फर्जीवाड़े एवं कर्मकार कल्याण बोर्ड में सचिव रहते हुए लगभग 100 करोड़ के महा घोटाले में गर्दन फंसती देख पनाह मांगी, इससे प्रतीत होता है कि इनके एवं इनके गैंग की नींद उड़ी हुई है। हरक मामले में दावा तो राजनीतिक घटनाक्रम बताया जा रहा है, जबकि मामला बिल्कुल इसके उलट है।



नेगी ने कहा कि तत्कालीन श्रम मंत्री हरक सिंह रावत के कर्मकार कल्याण बोर्ड में हुए लगभग 100 करोड रुपए की खरीद एवं वितरण घोटाले की जांच एवं तत्कालीन सचिव कर्मकार कल्याण बोर्ड दमयंती रावत की प्रतिनियुक्ति मामले एवं इनके द्वारा किए गए महा घोटाले, जिसमें साइकिल, सिलाई मशीन, वेल्डिंग मशीन, टूल किट आदि करोड़ों रुपए की खरीद एवं वितरण घोटाला, खाद्यान्न किट घोटाला, शंकरपुर ,सहसपुर में लगभग 107 बीघा भूमि फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए हथियाने का मामला तथा इसी क्रम में कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से करोड़ों रुपया अपने मेडिकल कॉलेज (डीआईएमएस) एवं अन्य प्राइवेट अस्पतालों को इलाज के नाम पर बंदरबांट किए जाने एवं अन्य कई घोटालों का दाग है। इसके साथ- साथ हरक द्वारा निजी स्वार्थ के चलते निजी आयुष महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की फीस वृद्धि मामले में न्यायालय के आदेश को दरकिनार करने का भी दाग है, जिसके द्वारा गरीब छात्रों को लूटा गया।

## पेडों के संरक्षण के लिए प्रमुख वन संरक्षक को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। वृक्षों के संरक्षण व विभागीय नीति को सरल करने की मांग को लेकर सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्य वन संरक्षक विनोद सिंगल को ज्ञापन सौपा।



आज यहां वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 में प्रस्तावित संशोधन में निजी भूमि पर उगे पेड़ों के कटान की आजादी मिलने से भू माफियाओं द्वारा अनुचित लाभ लिए जाने की आशंकाओं को लेकर दून की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रमुख वन संरक्षक विनोद सिंगल को वन मुख्यालय में ज्ञापन दिया।

पर्यावरण प्रेमियों ने मांग की कि जरूरतमंद निवासियों को अपने व्यक्तिगत कार्यों के लिए पूर्ववत अनुमत विभागीय अनुमति की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, समयबद्ध तथा ऑनलाइन किया जाना जरूरी है। क्योंकि इनमें अनावश्यक देरी भी जानबूझकर की जाती है। प्रमुख वन संरक्षक ने कहा कि अधिनियम में संशोधन के संबंध में नागरिकों के सुझावों पर भी विचार करते हुए कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने हरेला पर्व पर वृक्षारोपण के विभागीय प्रयासों में सामाजिक संस्थाओं के सहयोग लिए जाने का भी आश्वासन दिया।

ज्ञापन देने वालों मे संयुक्त नागरिक संगठन के केजी बहल, सुशील त्यागी, पेंशनर्स संगठन के चौधरी ओमवीर सिंह,सिटीजन फॉर ग्रीन दून के हिमांशु अरोडा,महिला मंच की कमला पंत,निर्मला बिष्ट,समानता मंच के एलपी रतूड़ी, जेपी कुकरेती, आंदोलनकारी मंच के प्रदीप कुकरेती, बैंक इंप्लाइज यूनियन के पूर्व अध्यक्ष जगमोहन मेंदीरत्ता, वेस्टवारियर्स के नवीन सडाना, देवभूमि युवा संगठन के आशीष नौटियाल, हिमालयन पर्यावरण सोसाइटी के जगदीश बावला, क्षत्रिय चेतना मंच के आरएस कैंतुरा, आर टी आई कलब के आरएस धुन्ता, रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन के डॉक्टर महेश भणडारी,तथा दिनेश, सोशल जस्टिस की आशा टम्टा, एसपी नौटियाल, प्रकाश नागिया, सुरेंद्र सिंह सजवान,विशंभर नाथ बजाज,मुकेश नारायण शर्मा, अरुणा थपरियाल,द्वारका बिष्ट,आरिफ वारसी,मुकेश नारायण शर्मा, आदि उपस्थित थे।

## गर्भावस्था के दौरान महिलाएं न करें यह काम

अधिकांश महिलाएं गर्भावस्था के दौरान अपनी रोजमर्रा की एक्टिविटी को ही जारी रख सकती हैं, बस उन्हें अपने लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने होते हैं और कुछ खाने की चीजों से बचना होता है। अगर महिलाएं ऐसा नहीं करती हैं तो उनकी और भ्रूण की सेहत पर गलत असर पड़ सकता है। आज इस आर्टिकल में कुछ ऐसी चीजों के बारे में बता रहे हैं जिनका कंसीव करने के बाद सेवन नहीं करना चाहिए।

अल्कोहल का सेवन

जब एक गर्भवती महिला शराब पीती है तो शराब प्लैसेंटा पार कर जाती है और भ्रूण को प्रभावित कर सकती है। इससे भ्रूण अल्कोहल सिंड्रोम भी हो सकता है। गर्भ में शराब के संपर्क में आने से भ्रूण अल्कोहल सिंड्रोम संबंधित कई समस्याएं हो सकती हैं।

ज्यादा कैफीन

जिस तरह शराब प्लैसेंटा को पार कर जाती है, उसी तरह कैफीन भी प्लेसेंटा को पार कर सकती है और भ्रूण को प्रभावित कर सकती है। कुछ रिसर्च बताती हैं कि रोजाना ३०० मिलीग्राम से अधिक कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए। कुछ एक्सपर्ट का मानना है कि इससे अधिक मात्रा भ्रूण के लिए हानिकारक हो सकती है और बच्चे को नुकसान हो सकता है।

हॉट बॉथ और ओवरहीटिंग

अमेरिकन प्रेग्नेंसी एसोसिएशन के अनुसार, हॉट टब हाइपरथर्मिया या असामान्य रूप से शरीर का तापमान बढ़ा देते हैं। इससे बच्चे में कई असामान्यताएं हो सकती हैं इसलिए नीचे बताई हुई एक्टिविटी प्रेग्नेंसी के दौरान करने से बचें-

हॉट योग या पिलाटीज

देर तक धूप में बैठना

अधिक गर्म जगह पर बैठना

डिहाइड्रेशन

कुछ प्रकार की एक्सरसाइज

गर्भावस्था के दौरान चलना, तैरना और स्क्वॉट करना फायदेमंद हो सकता है। लेकिन इससे पहले भी डॉक्टर की सलाह लें। लेकिन गर्भवती महिलाओं को नीचे बताई हुई एक्सरसाइज को करने से बचना चाहिए-

जंपिंग एक्सरसाइज

झटका लगने वाली एक्सरसाइज

पहले तीन महीने के बाद सिटअप, क्रंचेज जैसी एक्सरसाइज

हैवी लिफ्टिंग

धूम्रपान

गर्भावस्था के दौरान सिगरेट पीने से महिला और बच्चे दोनों को नुकसान हो सकता है। इससे हार्ट डिसीज और फेफड़े के कैंसर का जोखिम तो बढ़ता ही है साथ ही साथ गर्भवस्था के दौरान स्मोकिंग करने से नीचे बताई हुई समस्याएं भी हो सकती हैं-

समय से पहले जन्म

जन्मजात असामान्यताएं

अचानक से बच्चे की डेथ होना

प्लेसेंटा की समस्याएं (आरएनएस)

## ऐश्वर्या राय की फिल्म पोन्नियन सेलवन पार्ट 1 का टीजर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय की आने वाली फिल्म पोन्नियन सेलवन पार्ट 1 का टीजर रिलीज हो गया है। दक्षिण भारतीय फिल्मकार मणिरत्नम इन दिनों फिल्म पोन्नियन सेलवन पार्ट 1 बना रहे हैं। इस फिल्म से ऐश्वर्या राय लंबे अरसे के बाद वापसी कर रही हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में ऐश्वर्या डबल रोल में नजर आएंगी। वह रानी नंदिनी और उनकी मां मंदाकिनी देवी दोनों के किरदार निभाएंगी। मेकर्स ने इस फिल्म का फर्स्ट टीजर रिलीज किया है। टीजर में कुछ योद्धा किले की चोटी पर चोल राजवंश का परचम लहराते नजर आ रहे हैं। ५०० करोड़ रुपए के मेगा बजट में बनी यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। इसका पहला पार्ट ३० सितंबर को पांच भाषाओं (तमिल, हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़) में रिलीज होगा। फिल्म में ऐश्वर्या के अलावा विक्रम, कर्थी, जयम रवि, तृषा कृष्णन, शोभिता धूलिपाला और प्रकाश राज जैसे कलाकार भी होंगे। यह फिल्म लेखक कल्कि कृष्णमूर्ति के 1955 में लिखे गए उपन्यास पोन्नियन सेल्वन पर आधारित है। फिल्म की कहानी 10वीं सदी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। यह फिल्म चोल साम्राज्य के शक्ति संघर्ष की कहानी बयां करेगी। इसमें कावेरी नदी के बेटे पोन्नियन सेल्वन के भारतीय इतिहास के सबसे महान शासकों में से एक राजराजा चोल बनने की कहानी को दिखाया गया है।


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# भिंडी का सेवन करना सेहत के लिए है लाभकारी



भिंडी में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है अगर आप रोजाना १०० ग्राम भिंडी का सेवन करेंगे तो आपकी बॉडी के लिए आवश्यक विटामिन सी की मात्रा का 38 त्न इससे पूरा हो जाता है विटामिन सी कई बीमारियों और संक्रमण से सुरक्षित रखने में सहायता करता है भिंडी से न केवल बॉडी को पोषक तत्व मिलते है बल्कि इसके सेवन से वजन भी कंट्रोल होता है यह एक ऐसी हरी सब्जी है जिससे कई बीमारियां भी दूर रहती है यह ब्लड शुगर कंट्रोल करने में काफी सहायक है डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है

वजन कम करने के लिए

भिंडी वजन घटाने में काफी लाभकारी है इस सब्जी में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है ऐसे में इसके सेवन से वेट कम करने में सहायता मिलती है यानि इस सब्जी से आपको बिल्कुल भी कैलोरी नहीं मिलेगी जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है

कैंसर में भी मिलेगी सहायता

कैंसर में भी भिंडी काफी लाभकारी होती है अगर आप इसे डाइट में शामिल करेंगे तो इससे आपकी आंतों में मौजूद विषैले तत्व दूर हो जाते है यानि यह सब्जी आंतों के लिए बहुत लाभकारी है

डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी

डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है अगर आप भिंडी को अपनी डाइट में शामिल करते है तो यह किसी वरदान से कम नहीं है गंभीर मरीजों को इसे खाने से पहले डॉक्टर से राय लेनी चाहिए भिंडी में फाइबर की प्रचुर मात्रा में पाया जाता है इसकी इस खासियत के कारण न केवल पेट देर तक भरा रहता है बल्कि पाचन भी दुरस्त बना रहता है इसके सेवन से फाइट इकठ्ठा नहीं होता है तोड़े से व्यायाम की सहायता से फैट को तेजी से बर्न करने में सहायता मिलती है (आरएनएस)

# आइब्रो में हो गए हैं दाने तो अपनाए घरेलू नुस्खे



भौहों में बालों के बीच होने वाले दानों से कई लोग परेशान रहते हैं। जी हाँ, दुनिया में कई लोग हैं जो भौहों में बालों के बीच होने वाले दानों को लेकर परेशान रहते हैं और कुछ कर नहीं पाते। कई बार ये दाने दर्द करते हैं और इनसे निजात पाना आसान नहीं होता। हालाँकि अगर आप भी अक्सर इस समस्या को झेलते हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए आप इन घरेलू नुस्खों को आजमा सकते हैं जिनके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं।

हल्दी का लेप- अगर आप चाहे तो, आइब्रो में होने वाले दानों से राहत के लिए हल्दी का लेप लगा सकते हैं। जी दरअसलहल्दी के एंटीसेप्टिक गुण दानों को कुछ ही समय में कम कर देंगे और इनसे होने वाले दर्द से भी आपको राहत मिल सकती है।

बर्फ की सिकाई- अगर आपको आंखों के आसपास और आइब्रो में पिंपल या दाने के होने पर इसका तुरंत इलाज करना है तो ऐसी स्थिति में आपको आइब्रो पर बर्फ की सिकाई करनी है। इसके लिए एक कॉटन के कपड़े में बर्फ लें और इसे दाने पर कुछ मिनटों के लिए लगाए रखें।

खीरे का रस- आप खीरे के रस से आइब्रो में हुए दानों का इलाज कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें गुलाब जल मिलाकर आइब्रो पर लगाएं। इससे दाने तो कम होंगे ही, साथ ही ठंडक भी मिलेगा।


दालचीनी पाउडर- मसाले के रूप में किचन में इस्तेमाल होने वाली दालचीनी को दानों के इलाज में भी बेस्ट माना जाता है। आप दालचीनी पाउडर में शहद मिलाकर इसे भौह में दाने पर लगाएं और रात भर के लिए छोड़ दें और कुछ समय में आप फर्क पाएंगे। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -87

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्रबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# अर्जुन कपूर के साथ दिखेंगी रकुल प्रीत और भूमि पेडनेकर

अर्जुन कपूर फिल्ममेकर मुदस्सर अजीज की एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्देशन मुदस्सर करेंगे, जबकि वाशु भगनानी और जैकी भगनानी फिल्म का निर्माण करने वाले हैं। फिलहाल फिल्म का नाम मेरी पत्नी का रीमेक रखा गया है। फिल्म में फीमेल लीड निभाने के लिए कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही थी। अब सुनने में आ रहा है कि फिल्म में अर्जुन के साथ रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर नजर आएंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, मेरी पत्नी का रीमेक के लिए अर्जुन, रकुल प्रीत और भूमि पेडनेकर ने हाथ मिलाया है। पहली बार किसी फिल्म के लिए तीनों कलाकार एक साथ आ रहे हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें दर्शकों को मनोरंजन का भरपूर तड़का देखने को मिलेगा। खबरों की मानें तो सितंबर में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। फिल्म की कहानी से संबंधित कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

रिपोर्ट में बताया गया था कि मुदस्सर की यह फिल्म ९० के दशक की गोविंदा की कॉमेडी की फिल्मों की याद दिलाएगी। शीर्षक को लेकर सूत्र ने कहा था, कई विकल्पों पर विचार करने के बाद मुदस्सर को एक ऐसा शीर्षक मिला है, जो उनकी फिल्म को बाकियों से अलग बनाता है। उन्होंने अपनी फिल्म को मेरी पत्नी का रीमेक संबोधित करने का निर्णय लिया है। यह सुनिश्चित है कि यह शीर्षक दर्शकों का उत्साह बढ़ा देगा।

अर्जुन और भूमि फिल्म द लेडी किलर में नजर आने वाले हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसे अजय बहल निर्देशित करने वाले हैं। फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और शैलेष आर सिंह मिलकर बना रहे हैं। रकुल प्रीत ने अर्जुन के साथ फिल्म सरदार का ग्रैंडसन में काम किया है। इस फिल्म में दोनों की जोड़ी को फैंस ने पसंद किया था। फिल्म पिछले साल दर्शकों के बीच आई थी।

अर्जुन के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह मोहित सूरी की फिल्म एक विलेन रिटर्न्स में नजर आएंगे। जॉन अब्राहम, दिशा पाटनी और तारा सुतारिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। भूमि अभिनेता अक्षय कुमार के साथ आनंद एल राय की फिल्म रक्षाबंधन में नजर आएंगी। यह फिल्म भाई-बहन के रिश्तों पर आधारित है। रकुल प्रीत थैंक गॉड में अजय देवगन के साथ दिखेंगी। उनकी फिल्म मिशन सिंड्रेला भी दस्तक देने वाली है।

मुदस्सर फिल्म दूल्हा मिल गया के स्क्रीनप्ले और डायलॉग राइटर रहे हैं। हैप्पी भाग जाएगी, हैप्पी फिर भाग जाएगी और पति पत्नी और वो जैसी फिल्में उन्होंने ही निर्देशित की हैं। जल्द ही वह फिल्म डबल एक्सएल लेकर आने वाले हैं।( आरएनएस)

# फिल्म लाइगर से विजय देवरकोंडा की नई झलक आई सामने

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म लाइगर से अभिनेता का नया लुक सामने आया है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए अपने किरदार की एक झलक दिखाई है, जिसमें वह बिल्कुल न्यूड नजर आ रहे हैं, उन्होंने सिर्फ गुलाब के फूलों का एक गुच्छा अपने हाथ में पकड़ रखा है।

लाइगर में विजय देवरकोंडा अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ लीड रोल में नजर आयेगें। फिल्म में विजय बॉक्सर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में विजय देवरकोंडा इस फिल्म में माइक टायसन के साथ दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। लाइगर विजय देवरकोंडा और माइक टायसन दोनों की ही बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है। फिल्म के अन्य किरदारों में राम्या कृष्णन, रोनित रॉय, विशु रेड्डी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। पुरी जगन्नाथ निर्देशित इस फिल्म को धर्मा प्रॉडक्शंस के साथ पुरी जगन्नाथ, अपूर्व मेहता और चार्मी कौर रूप से प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 5 भाषाओं - हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में 25 अगस्त, 2०22 को रिलीज होगी। (आरएनएस)

# वरुण धवन को लेकर फिल्म बनायेंगे अनीस बज्मी

बॉलीवुड निर्देशक अनीस बज्मी अभिनेता वरूण धवन को लेकर फिल्म बना सकते हैं। अनीस बज्मी ने कार्तिक आर्यन को लेकर भूल भुलैया 2 बनायी है।फिल्म भूल भुलैया 2 बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी है। अनीस बज्मी एक कॉमेडी फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। वह अपनी इस फिल्म के लिए वरुण धवन से बात कर रहे हैं।

वरुण धवन और अनीस बज्मी पिछले कुछ वर्षों से एक साथ आने के बारे में सोच रहे हैं। दोनों हाल ही में मिले और कॉमेडी फिल्म बनाने पर चर्चा की। वरुण धवन और अनीस बज्मी अपने वर्तमान के प्रोजेक्ट को पूरा करने के बाद फिल्म करेंगे। अनीस बज्मी ने वरुण धवन के पिता डेविड धवन के लिए 15 से ज्यादा फिल्में लिखी हैं।

अनीस बज्मी अब वरुण धवन के साथ फिल्म बनाने के लिए उत्साहित हैं। अनीस बज्मी अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म नो एंट्री के सीक्वल नो एंट्री 2 पर भी काम कर रहे हैं। (आरएनएस)

# वरिना ने अपनी अदाओ से किया लोगो को मदहोश

वरीना हुसैन ने सोशल मीडिया पर रेड ऑउटफिट पहने अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो हॉटनेस और बोल्डनेस का प्रतीक हैं। वरीना ने एक छोटी, लाल रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी थी, जिसमें एक प्यारी सी नेकलाइन और एक गोल्डन चेन स्ट्रैप था।



बॉलीवुड अभिनेत्रियों पर जिम्मेदारी का बोझ भारी होता है। हम केवल उनके द्वारा चुने गए पात्रों की बात नहीं कर रहे हैं; हम यह भी संकेत दे रहे हैं कि वे कितनी बार हमारे लिए फैशन आइकन भी बन जाते है। बी-टाउन की सुंदरियों को बड़ी संख्याओं मे प्रशंसक पसंद करते है, और उनके द्वारा अपनाए जाने वाले हर नए स्टाइल को उनके प्रशंशक तुरंत अपना लेते हैं। हाल ही मे हमने एक नया ट्रेंड है जहा सारी अभिनेत्रियां लाल रंग की पोशाख कैरी करते नजर आई. वरीना हुसैन, जो टिनसेल टाउन की एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, उन्होंने अपनी इन शानदार तस्वीरों से शहर को लाल रंग में रंगीन कर दिया हैं।

वरीना ने सोशल मीडिया पर रेड ऑउटफिट पहने अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो हॉटनेस और बोल्डनेस का प्रतीक हैं। वरीना ने एक छोटी, लाल रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी थी, जिसमें एक प्यारी सी नेकलाइन और एक गोल्डन चेन स्ट्रैप था। हालांकि ऑउटफिट काफी सिंपल सा था,पर जिस तरह से इसने वरीना के टोंड फिगर को दर्शाया,उसने प्रशंसकों के दिलों में धमाकेदार सुंदरता की छाप छोड़ी है। मेकअप की बात करे तोह, वरीना ने सिंपल सटल मेकअप लुक किया था, जहा अभिनेत्री ने ग्लैम आने थोड़ा ब्लश और लाइट पिंक कलर की लिपस्टिक लगाई थी, और उन लम्बे लैशेस को मस्कारा लगया जोह उन प्यारी आंखों में ग्लैमर दरशाता है।अभिनेत्री ने अपने लम्बे घने बालों को खुला छोड़ा था। उसने ड्रेस को उन ट्रांसलूसेंट सॉलिड ट्रफल स्ट्रिप्ड रेड हील्स के साथ पेयर किया। वरीना ने अपने पहनावे को कुछ साधारण अंगूठियों और उन पेस्टल रंग के लंबे नाखूनों के साथ पूरा किया जिसने अभिनेत्री के ऑउटफिट को और चमक आई. उसकी तस्वीर निश्चित रूप से हमारे दिलो पर राज कर रही है क्योंकि उसके अपने अनोखे अंदाज मे पोज़ और प्यारी मुस्कान से पूरी तरह से हमारा दिल जीता है. काम के मोर्चे पर, वरीना हुसैन के पास कई रोमांचक पहल हैं जो विकसित हो रही हैं, जिसमें वेब सीरीज और फिल्में शामिल हैं। परन्तु, अभी तक उनके टीम की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।( आरएनएस)

# धनुष के लुक को देख फैंस को आई केजीएफ 2 के रॉकी भाई की याद

इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर फिर से बॉलीवुड का राज हो गया है। कार्तिक आर्यन और वरुण धवन की फिल्में फैंस को खूब पसंद आई हैं। लेकिन ये फिल्में साउथ की मूवीज का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाई हैं। केजीएफ 2 और आरआरआर ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ ऐसे रिकॉर्ड बना दिए है, जिसे तोड़ पाना किसी सपने के पूरा होने जैसा है। इन दो फिल्मों के बाद अब साउथ के सुपरस्टार और अपनी एक्टिंग से सबको दीवाना बनाने वाले धनुष अपनी नई फिल्म के साथ जल्द आने वाले है। इस से जुड़ा एक वीडियो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है।

इस वीडियो के आने के बाद ट्विटर पर फैंस खूब रिएक्शन दे रहे है। धनुष के नए अवतार को देखने के बाद फैंस तारीफ किए बिना रह नहीं पा रहे है।

धनुष ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी अपकमिंग फिल्म कैप्टन मिलर का एक टीजर वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो ओल्ड बाइकर के लुक में नजर आ रहे है। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस की बेहद खुश है। फैंस धनुष को बड़े पर्दे पर देखने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस टीजर वीडियो के आने के बाद फैंस ने ट्विटर जमकर तारीफ कर रहे है।

एक यूजर ने ट्विट करते हुए लिखा हमको इसका लंबे समय से इंतजार था। कई यूजर्स धनुष की दमदार एक्टिंग को याद कर रहे है, तो कई इस टीजर के आने के बाद मीम्स बनाते हुए नजर आ रहे है।

# अलौकिक शो ने मुझे हमेशा आकर्षित किया: न्यारा एम बनर्जी

अभिनेत्री न्यारा एम बनर्जी जल्द ही ऑन-एयर शो पिशाचिनी में एक शैतान के रूप में नजर आएंगी। अलौकिक शैली में यह उनका दूसरा प्रोजेक्ट है और अभिनेत्री इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा, मैं नाममात्र की भूमिका निभा रही हूं। मेरा नाम रानी है। बरेली का शहर, जहां रानी, पिशाचिनी को छोड़ दिया गया है, पिशाचिनी कहानी का केंद्र बिंदु होगा, उन्होंने कहा, यहां तक कि मेरा पहला शो दिव्य दृष्टि भी सुपरनैचुरल था। इसे देखना मजेदार होगा क्योंकि मैं ग्रे शेड निभा रही हूं फिर भी मैं हीरोइन हूं।

अलौकिक शो ने मुझे हमेशा आकर्षित किया है और मैं पिशाचिनी का हिस्सा बनकर खुश हूं। रानी सबसे जटिल पात्रों में से एक है जिसे मैंने कभी चित्रित किया है।

न्यारा के कामुक अवतार ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है, और दर्शक उनके पिशाचिनी अवतार को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते।

उन्होंने साझा किया कि, वह प्रोमो की शुरूआती प्रतिक्रिया से काफी खुश है और कहा, अब तक मुझे दर्शकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इस तरह के शो बनाए गए हैं और बनाए जा रहे हैं, लेकिन मेरा चरित्र सभी से काफी अलग है। और मैं अपने प्रशंसकों और दर्शकों को यह देखने के लिए इंतजार नहीं करा सकती कि उनके रास्ते में और क्या है।

उन्होंने कहा, मुझे नाटकीय भूमिकाएं पसंद हैं, और यह शो एकदम सही है। अगर मुझे स्टंट करने को मिले तो यह भी दिलचस्प होगा क्योंकि मैं एक पिशाचिनी और एक अलौकिक चरित्र हूं।

न्यारा का मानना है कि एक अभिनेत्री होने के नाते उन्हें ग्लैमरस होने की जरूरत है, चाहे वह ऑफ-स्क्रीन हो या ऑन-स्क्रीन, और खुद को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करती है।

उन्होंने आगे कहा, मैं कसरत करती हूं, मैं वजन उठाती हूं, और आहार बनाए रखने की कोशिश करती हूं। हालांकि मैं बिल्कुल भी सख्त नहीं हूं। अच्छा और ग्लैमरस दिखना नौकरी का हिस्सा है, और मुझे यह पसंद है। सुंदर दिखना कौन पसंद नहीं करेगा। मैं एक हीरोइन हूं और मुझे ग्लैमरस दिखना चाहिए। अगर हर उम्र के लोग मुझे पसंद नहीं करते हैं तो मैं हीरोइन नहीं हूं।

हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि यह कुल मिलाकर प्रदर्शन है जो दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ता है।

न्यारा ने आखिर में कहा, अच्छा और ग्लैमरस दिखना नौकरी का सिर्फ एक हिस्सा है, आप किसी दृश्य को कैसे करते हैं, आप अपनी भावनाओं को कैसे व्यक्त करते हैं, और दर्शक इसे जोड़ सकते हैं या नहीं, यह भी महत्वपूर्ण है। इसलिए यह एक समग्र मनोरंजन पैकेज है। मैं नहीं चाहती सिर्फ आई कैंडी बनने के लिए, और मैं हर दिन अपने कौशल पर काम करती हूं। विशेष रूप से इस पेशे में सीखना कभी बंद नहीं होता है।( आरएनएस)

# राष्ट्रपति कैसा होना चाहिए

अजीत द्विवेदी

विपक्षी पार्टियों के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने एक अच्छी बहस की शुरुआत की है। उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन करने के बाद अपनी प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 'राष्ट्रपति का पद इस लोकतंत्र में चेक एंड बैलेंस बनाने के लिए हो। इसे केवल औपचारिकता निभाने वाला पद नहीं माना चाहिए'। उन्होंने आगे कहा 'राष्ट्रपति भवन में सिर्फ उसी व्यक्ति को जाना चाहिए, जो आवश्यक बिंदुओं पर सरकार को सलाह दे सके। लेकिन यदि इस पद पर कोई ऐसा व्यक्ति पहुंचता है, जो सरकार के कब्जे में है तो वह इस पद के साथ जुड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर पाएगा। लिहाजा इस पद पर केवल उसी व्यक्ति को पहुंचना चाहिए, जो संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत कर सके'।

उनकी कही दो-तीन बातें बेहद अहम हैं। पहला तो यह कि राष्ट्रपति का पद चेक एंड बैलेंस के लिए होता है। भले संविधान में यह कहा गया हो कि राष्ट्रपति केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह से काम करेगा, लेकिन असल में उसका पद इससे बड़ा होता है और उसके ऊपर संसदीय व्यवस्था में संतुलन बनाने की जिम्मेदारी होती है। दूसरी अहम बात यह है कि राष्ट्रपति जरूरी मसलों पर सरकार को सलाह और निर्देश दे सके। जरूरी मसले किसी तरह के हो सकते हैं। दुर्भाग्य से भारत में ऐसी व्यवस्था नहीं विकसित हुई, जिसमें राष्ट्रपति अपनी ओर से आगे बढ़ कर सरकार को सलाह दे। आमतौर पर राष्ट्रपति सरकार की सलाह पर ही काम करते हैं और अपनी आंखों के सामने घटित हो रहे असंवैधानिक कामों में भी दखल नहीं देते हैं। यशवंत सिन्हा की कही तीसरी बात और भी महत्वपूर्ण है। वह ये है कि राष्ट्रपति पद पर ऐसे व्यक्ति को पहुंचना चाहिए, जो संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत कर सके। मौजूदा समय की यह नंबर एक जरूरत है कि संवैधानिक व्यवस्था सुचारू रूप से काम करे और संवैधानिक संस्थाएं मजबूत हों।

सबको पता है कि यशवंत सिन्हा राष्ट्रपति का चुनाव नहीं जीतेंगे। इसलिए उनकी सदिच्छा का भी कोई ज्यादा मतलब नहीं है। असल में भारत में राष्ट्रपति का चुनाव वहीं जीतता है, जिसे सरकार का समर्थन होता है। तभी सवाल है कि सरकार क्यों किसी ऐसे व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाना चाहेगी, जो उसके कामकाज में दखल दे या उसे सलाह-मशविरा दे सरकार तो ऐसे व्यक्ति को ही राष्ट्रपति पद पर बैठाना चाहेगी, जो देश के प्रथम नागरिक की प्रतीकात्मक भूमिका निभाए और सरकार की सलाह पर काम करे। भारत में अब तक ऐसा ही होता आया है। अगर इससे अलग कुछ हुआ तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। अगर राष्ट्रपति बहुत सक्रिय हो जाए और संविधान की व्यवस्था से आगे बढ़ कर सरकार के कामकाज में दखल शुरू करे तो उससे भी संवैधानिक व्यवस्था बिगड़ेगी। जैसा अभी कई राज्यों में हो रहा है। राज्यपाल का पद भी राष्ट्रपति की ही तरह प्रतीकात्मक महत्व का होता है और उसे राज्य सरकार की सलाह से काम करना होता है। लेकिन विपक्षी पार्टियों के शासन वाले राज्यों के कामकाज में कई राज्यपाल दखल दे रहे हैं, जिससे बेवजह का विवाद पैदा हुआ है। सरकार के कामकाज में राज्यपालों के दखल से कोई राजनीति भले सध रही हो लेकिन कोई सकारात्मक बदलाव नहीं हो रहा है। इसलिए यह बड़ा सवाल है कि क्या ऐसा राष्ट्रपति ठीक होगा, जो केंद्र सरकार के कामकाज में दखल दे

यशवंत सिन्हा ने जो कहा वह सुनने में बहुत अच्छा लग रहा है। वे एक आदर्श स्थिति की बात कह रहे हैं, लेकिन वह यूटोपिया की तरह है। वह कल्पना लोक की बात है। यह सही है कि देश के सारे काम राष्ट्रपति के नाम से होते हैं लेकिन राष्ट्रपति की शक्तियां बहुत सीमित हैं। उन सीमित शक्तियों के साथ काम करते हुए संवैधानिक व्यवस्था का संतुलन बनाना आसान काम नहीं है। ऐसा भी नहीं लगना चाहिए कि किसी अन्य मकसद से राष्ट्रपति सरकार के कामकाज में दखल दे रहे हैं और ऐसा भी नहीं लगना चाहिए कि राष्ट्रपति अपनी आंखों के सामने संवैधानिक व्यवस्था से खिलवाड़ होने दे रहे हैं। दुर्भाग्य से भारत में ऐसे एकाध ही राष्ट्रपति हुए हैं, जिन्होंने ऐसा संतुलन बनाए रखा। ज्यादातर राष्ट्रपति रबर स्टैंप की तरह काम करते रहे। कुछ राष्ट्रपति ऐसे भी रहे, जिनका प्रधानमंत्री या सरकार से टकराव हुआ लेकिन वह संवैधानिक व्यवस्था को लेकर या नीतिगत मसले पर नहीं था। वह टकराव या तो व्यक्तिगत था या राजनीतिक था।

मिसाल के तौर पर पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बीच कई मसलों पर विवाद हुआ। राष्ट्रपति द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर में ब्राह्मणों के पैर धोने का मामला हो या हिंदू कोड बिल रोके जाने का मामला हो, दोनों के ज्यादातर विवाद दोनों की निजी मान्यताओं की वजह से थे। संवैधानिक व्यवस्था या परंपरा को लेकर दोनों के बीच कोई विवाद नहीं रहा। इसी तरह ज्ञानी जैल सिंह का राजीव गांधी के साथ टकराव रहा लेकिन वह भी संवैधानिक व्यवस्था या परंपरा को लेकर नहीं था, बल्कि पंजाब की राजनीति और जैल सिंह की निजी महत्वाकांक्षा की वजह से था। शंकर दयाल शर्मा और पीवी नरसिंह राव के बीच भी टकराव रहा लेकिन वह पूरा टकराव कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी राजनीति से निर्देशित था। राव स्वतंत्र रूप से राजनीति कर रहे थे और सरकार चला रहे थे, जबकि शंकर दयाल शर्मा को नेहरू-गांधी परिवार के हितों का भी ख्याल रखना था।

अब तक के इतिहास में केआर नारायणन इकलौते ऐसे राष्ट्रपति हुए, जिन्होंने संवैधानिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टैंड लिया और जरूरत पड़ने पर दलगत राजनीति से अलग देश के प्रथम नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाई। उनके राष्ट्रपति बनने के थोड़े दिन के बाद अक्टूबर 1997 में आईके गुजराल की केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को हटा कर राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश भेजी थी। लेकिन राष्ट्रपति नारायणन वे उसे वापस लौटा दिया था। आजाद भारत के इतिहास में वह पहला मौका था, जब किसी राष्ट्रपति ने केंद्र सरकार की सिफारिश लौटाई थी। इसके ठीक एक साल बाद सितंबर 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी की केंद्र सरकार ने बिहार में राबड़ी देवी की सरकार को हटा कर राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की थी और नारायणन ने उसे भी लौटा दिया था। हालांकि बाद में जब कैबिनेट ने दोबारा सिफारिश भेजी तो उन्हें उसे स्वीकार करना पड़ा।

इसके बावजूद उनके ये दोनों फैसले ऐतिहासिक महत्व के हैं और यह दिखाते हैं कि कैसे राष्ट्रपति दलगत भावनाओं से ऊपर रह सकता है। सोचें, यह काम उन्होंने इसके बावजूद किया कि वे देश के पहले राष्ट्रपति थे, जिन्होंने आम चुनाव में वोट डाला था। उससे पहले राष्ट्रपति आम चुनाव में वोट नहीं डालते थे। नारायणन ने 1998 के आम चुनाव में आम लोगों के साथ कतार में खड़े होकर वोट डाला था। इसका मतलब है कि किसी न किसी पार्टी के साथ उनका जुड़ाव था, जिसे उन्होंने वोट दिया। इसके बावजूद उन्होंने जनता सरकार और भाजपा सरकार दोनों की सिफारिशें लौटाई। बतौर राष्ट्रपति उनके कार्यकाल के आखिरी साल में गुजरात दंगे हुए थे और नारायणन ने तब के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को कई चिट्ठियां लिखी थीं और दंगों में राज्य की भूमिका को लेकर सवाल उठाए थे।

सो, अगर इस सवाल का जवाब देना हो कि भारत का राष्ट्रपति कैसा होना चाहिए तो केआर नारायणन का नाम लिया जा सकता है। राष्ट्रपति उनके जैसा होना चाहिए, जो जड़ परंपराओं को तोड़े और ऐसी परंपरा स्थापित करे, जिससे संवैधानिक व्यवस्था और लोकतंत्र दोनों मजबूत हों। साथ ही दलगत भावनाओं से ऊपर रहे और प्रधानमंत्री या सरकार के साथ बिना टकराव पैदा किए प्रथम नागरिक की अपनी जिम्मेदारी भी निभाए।

## सू- दोकू क्र.87

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.86 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# चीन का अविश्वास

चीन ने पाकिस्तान में मौजूद अपने नागरिकों की रक्षा का भार किसी चीनी एजेंसी को देने की मंशा जताई है। स्पष्टत: किसी अन्य देश की क्षमता पर अविश्वास करते हुए वहां अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाना चीन की समस्याग्रस्त सोच है।

बेहतर तो यह होता कि चीन इस प्रश्न पर विचार करता कि पाकिस्तान जैसे उसके दोस्त देश में उसकी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को लेकर विरोध भाव क्यों फैलता जा रहा है? चीन इन्हें सबके फायदे के प्रोजेक्ट बताता है। लेकिन जिन लोगों के कथित लाभ के लिए उन्हें निर्मित किया जा रहा है, आखिर वे उससे क्यों खफा हैं? लेकिन इस पर विचार करने के बजाय वह अब पाकिस्तान में अपने सुरक्षा बल तैनात करना चाहता है।

फिलहाल, पाकिस्तान गहरे आर्थिक संकट में है। चीन और सऊदी अरब ही दो ऐसे देश हैं, जो इस मौके पर उसकी मदद के लिए सामने आए हैं। इसलिए पाकिस्तान चीनी मंशा को कब तक ठुकरा पाएगा, कहना मुश्किल है। लेकिन किसी अन्य देश की क्षमता पर अविश्वास करते हुए वहां अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाना चीन की एक समस्याग्रस्त मानसिकता है।

एक वेबसाइट की एक खास रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने पाकिस्तान में मौजूद अपने नागरिकों की रक्षा का भार किसी चीनी एजेंसी को देने की मंशा जताई है।

गौरतलब है कि हाल में पाकिस्तान में कई चीन की परियोजना वाले कई ठिकानों पर हमले हुए हैं। उनमें चीनी नागरिकों की मौत भी हुई है। अभी आई खबर के मुताबिक चीन के अनुरोध को फिलहाल पाकिस्तान सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। लेकिन चीन ने इस मुद्दे पर पाकिस्तान सरकार पर दबाव बना रखा है। चीन की महत्त्वाकांक्षी योजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत पाकिस्तान एक महत्त्वपूर्ण ठिकाना है। वहां चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया है। लेकिन हाल में चीनी प्रोजेक्ट वाले इलाकों की जनता में चीन विरोधी भावनाएं बढ़ने के संकेत मिले हैं। बलूचिस्तान में इसको लेकर आंदोलन भी हुआ है।

चीनी ठिकानों पर हुए आतंकवादी हमलों को इसी सिलसिले का हिस्सा माना गया है। जबकि आम समझ है कि अगर चीनी सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती हुई, तो चीन के प्रति जनता में विरोध भाव और बढ़ेगा।

खास कर ऐसा बलूचिस्तान में होगा, जहां पहले से ही चीन विरोधी भावनाएं प्रबल हैं। बेहतर होगा कि चीन इन भावनाओं को समझने की कोशिश करे। वरना, उसके सुरक्षाकर्मी तैनात हो गए, तब भी वे दोषमुक्त सुरक्षा दे पाएं, यह संभव नहीं है। (आरएनएस)

# अनुष्का शर्मा ने पूरी की चकदा एक्सप्रेस की पहले शेड्यूल की शूटिंग

अपनी आगामी फिल्म चकदा एक्सप्रेस को लेकर चर्चा में बनी हुई अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने इस फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। इसकी जानकारी स्वयं अनुष्का शर्मा ने सोशल मीडिया पर सेट से एक वीडियो शेयर करते हुए फैंस को दी है।

अनुष्का शर्मा ने चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पिछले महीने 19 जून को शुरू की थी और अब उन्होंने इस फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। चकदा एक्सप्रेस भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी की बायोपिक है। फिल्म में अनुष्का तेज गेंदबाज झूलन के रोल में उनकी तरह विकेट गिराते नजर आएंगी। फिल्म की कहानी महिला क्रिकेट को लेकर दुनिया की आंखें खोल देगी। जब झूलन ने क्रिकेट खेलने और इसके जरिये अपने देश का नाम रोशन करने का फैसला किया था, उस समय महिलाओं का क्रिकेट खेलने के बारे में सोचना तक मुश्किल था। ये फिल्म महिला क्रिकेट की शक्ल और झूलन का जीवन बदल देने वाले तमाम किस्सों का ये एक नाटकीय रूपांतरण है। चकदा एक्सप्रेस को प्रोसित रॉय ने निर्देशित कर रहे हैं। वहीं फिल्म को अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा प्रड्यूस कर रहे हैं। फिल्म की कहानी अभिषेक बनर्जी ने लिखी है।

# बाबू हत्याकांड में शामिल दस हजार का ईनामी तमंचे सहित गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। गैंगवार के दौरान भगवानपुर क्षेत्र में बदमाश बाबू की हत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने हत्याकांड से जुड़े एक ईनामी बदमाश को तमंचे व खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश दोस्ती के चलते इस हत्यकांड में शामिल हुआ था।

भगवानपुर क्षेत्र के प्रेमराजपुरा निवासी गैंगस्टर दीपक सैनी का करोंदी गांव निवासी रोहित राणा से वर्चस्व को लेकर लम्बे समय से विवाद चला आ रहा है। बीती 24 जून को दीपक सैनी अपने साथी कुणाल फौजी उर्फ बाबू निवासी सुनहरा व विक्की ठाकुर के साथ रूहालकी शमशान घाट के पास खड़ा था। जिन्हे रोहित राणा द्वारा समझौते के नाम पर बुलाया गया था। इस दौरान रोहित राणा अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और उसने दीपक सैनी, बाबू व विक्की ठाकुर पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान दीपक सैनी व विक्की ठाकुर भाग निकले जिसके बाद रोहित राणा व उसके साथियों ने बाबू को गोली मार दी। हरिद्वार जिले में हुई गैंगवार के दौरान हत्या के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए रोहित राणा सहित उसके कुछ साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। लेकिन फिर भी कुछ आरोपी अभी फरार थे। जिनकी तलाश पुलिस कर रही थी। बीते रोज पुलिस को सूचना मिली कि बाबू हत्याकांड में शामिल दस हजार का ईनामी सचिन कश्यप निवासी गैस प्लान्ट के पीछे कस्बा भगवानपुर आजाद नगर रूड़की चौक पर देखा गया है तथा वह कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सचिन कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशादेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा व खोखा कारतूस भी बरामद कर लिया है। आरोपी सचिन ने बताया कि वह रोहित राणा की दोस्ती के चलते इस हत्याकांड में शामिल हुआ था।

# सेटेलाइट फोन सहित दो विदेशी पर्यटक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

चमोली। प्रतिबंधित सेटेलाइट फोन इस्तेमाल करने पर पुलिस ने चमोली के घांघरिया से बीती शाम दो विदेशी पर्यटकों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए पर्यटकों में एक महिला और एक पुरुष है, जो इंग्लैंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बीते रविवार टिहरी पुलिस को सूचना मिली कि मुनीकीरेती क्षेत्र के तपोवन स्थित एक होटल से दो विदेशी पर्यटकों ने सेटेलाइट फोन से बात की है। इस पर पुलिस ने दोनो विदेशियों की तलाश शुरू कर दी। होटल पहुंचने पर पता चला कि दोनों पर्यटक फूलों की घाटी की तरफ निकले हैं। इस पर बीते कल टिहरी पुलिस ने चमोली पुलिस से संपर्क कर घटनाक्रम की जानकारी दी। जिन्हे देर शाम चमोली के फूलों की घाटी के बेस कैंप घांघरिया से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह ट्रैकिंग करने के लिए फूलों की घाटी जा रहे थे। यात्रा के दौरान संवाद के लिए वह सेटेलाइट फोन साथ लाए थे। इसके यहां प्रतिबंधित होने की उन्हें जानकारी नहीं थी।

## कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई अब देवरानी..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

कि आज हरक व प्रीतम सहित तमाम अन्य नेता हरिद्वार में बड़ी बैठक करने जा रहे हैं जहां कांग्रेस अपनी रणनीति पर चर्चा करेगी। सवाल यह है कि क्या हरक और प्रीतम व भुवन कापड़ी कांग्रेस के लिए वह सब कर पाएंगे जो करण माहरा और यशपाल तथा हरीश नहीं कर पा रहे हैं।

## बाल वाटिकाओं में तैयार होगा अब..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

धनसिंह रावत का कहना है कि 1 माह के अंदर राज्य के 5 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिकाओं की शुरुआत हो जाएगी। उनका कहना है कि भविष्य में यह आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक पाठशालाओं के रूप में स्थापित हो जाएंगे।

उनका कहना है कि इसका सिलेवश भी तैयार है तथा इसके लिए तीन पुस्तिकाएं भी तैयार की गई हैं उन्होंने कहा कि अगर नई शिक्षा नीति के लागू होने से आम आदमी के बच्चों को बेहतर शिक्षा सरकारी स्कूलों में मिल सकेगी तो इससे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की तरफ होने वाली दौड़ को भी रोकने में सहायता मिलेगी। वही सरकारी स्कूल के प्रति उदासीनता भी दूर होगी।

# ढाई हजार के लिए महिला की हत्या करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। ढाई हजार रूपये के लिए महिला की हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसपी देहात ने बताया कि गत दिवस कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना सेलाकुई को सूचना प्राप्त हुई कि सेलाकुई थापा गली मे एक कमरे मे एक वृद्ध महिला चित अवस्था मे पडी है। सूचना पर थानाध्यक्ष सेलाकुई मौके पर पहुंचे तो मौके पर एक वृद्ध महिला श्रीमती शिमला देवी पत्नी रामस्वरूप निवासी थापा गली सेलाकुई, मृतका के परिजनों की मौजूदगी में महिला पुलिसकर्मी द्वारा मृतका के शव का निरीक्षण कराया गया तो मृतक महिला के गले पर हल्के काले धब्बे दिखाई दिए शव को पोस्टमार्टम हेतु विकासनगर भिजवाया गया। परिजनों से पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई की मृतका श्रीमती शिमला देवी अपने पुत्र प्रदीप व अन्य परिजनों के साथ किराये के मकान में रहती थी तथा विगत 3 माह से उनके मकान का निर्माण कार्य चल रहा था, जिस कारण वह अपने निर्माणाधीन मकान के सामने प्रहलाद के



मकान में किराए में रह रहे थे। घटना के दिन के समय 2-3 बजे के बीच उसके प्रदीप द्वारा अपनी माता से वार्ता करने के लिये अपने पड़ोसी किरायेदारों को फोन कर बात कराने के लिए कहा गया तो पड़ोसियों ने जाकर देखा कि श्रीमती शिमला देवी अपने बिस्तर पर चित्त पड़ी हुई थी तथा इसकी सूचना पड़ोसियों द्वारा प्रदीप को दी गई, जिसने देहरादून से ही पुलिस को घटना की सूचना दी और सेलाकुई के लिए चल दिया। प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध प्रतीत होने पर मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कमरे में खोजबीन की गयी तो देखा कि कमरे के अन्दर रखे बक्से में से ढाई हजार रुपये गायब थे तथा बक्से में एक तरफ के कुण्डे में पूर्व की भांति ही ताला लगा हुआ था। जिस पर उसके द्वारा अपने निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे मिस्त्री इरफान पर शक जाहिर करते हुए बताया कि, इरफान को पता था कि वह बक्से में रूपये रखता था तथा पूर्व में भी उसके द्वारा इरफान के सामने बक्से में से पैसे निकालकर उसकी मजदूरी का भुगतान किया गया था। पुलिस ने प्रदीप की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। इरफान के सम्बन्ध में प्रदीप से जानकारी करने पर उसके द्वारा इरफान का कोई स्पष्ट पता ज्ञात न होना और न ही उसका कोई फोन नम्बर अथवा फोटो इत्यादि होना बताया गया।

पुलिस टीम को जानकारी प्राप्त हुई कि सेलाकुई क्षेत्र में बुजुर्ग महिला की हत्या में नामजद इरफान को कुछ समय पहले रामपुर के पास आसन नदी के किनारे देखा गया है, जो सम्भवत: नदी के किनारे छिपते छुपाते देहरादून से बाहर भागने की फिराक में है जिस पर पुलिस टीम ने सिंहनीवाला पुल के पास से इरफान पुत्र सलीम निवासी: मौ0 ध लैाकुआं गांव, खुर्रमपुर, थाना बेहट जिला सहारनपुर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से घटना में चोरी की गयी नगदी बरामद हुई। उसने घटना में अपना हाथ होना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार इरफान 2008 में बेहट से हत्या के मामले में जेल गया था। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# सिक्योरिटी गार्ड पर कार चढाने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। रेस्टोरेंट बन्द होने के बाद भी जबरन अन्दर घुसने से मना करने पर कार चालक ने गार्ड के ऊपर कार चढाकर उसको घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मियांवाला निवासी प्रेमप्रकाश गौड ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि एक रेस्टोरेंट में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है।

छह जुलाई की रात को अनुज वर्मा पुत्र पूरन सिह वर्मा निवासी हरिद्वार रोड मोहकमपुर खुर्द अपनी कर से जबरन रैस्टौरैन्ट के प्रागण मे रिसेप्शन तक घुस आया जबकि उस समय रेस्टोरेट के सेवा बंद हो चुकी थी। उसके द्वारा जब अनुज वर्मा को प्रवेश करने से ये कहकर रोका गया की रेस्टोरेंट बंद हो चुका हे उनके द्वारा शराब के नशे मे उसके साथ गली गालोच की गई और जान से मरने की धमकी देते हुए कहा गया की हट जा नही तो मे तेरे उपर कार चढा दूंगा और तेजी से कार लाकर उस पर चढा दी जिससे उसके पैर जख्मी हो गया तथा शरीर में अन्य हिस्सों में भी चोटे आयी है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कुष्ठ आश्रम में राशन वितरित किए



संवाददाता

देहरादून। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 8 वर्ष पूरे होने पर महिला मोर्चा ने तीन कुष्ठ आश्रमों के राशन वितरित किया।

आज यहां भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मे सुशासन एवं सेवा पर्व के अवसर पर आज भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष कमली भट्ट द्वारा तीन कुष्ठ आश्रमों में शांति कुष्ठ आश्रम, नवजीवन कुष्ठ आश्रम, रोटरी क्लब कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों को राशन वितरण किया गया। इस अवसर पर कमली भट्ट ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 8 वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए काम करके यह साबित किया है कि भाजपा की सरकार इस देश के विकास के लिए गरीबों के हित के लिए और आम जनमानस की समस्याओं को सुलझाने हेतु मोदी और धामी के नेतृत्व में अथक प्रयास कर रही है और देश से गरीबी मिटा कर और पारदर्शी सरकार चलाकर विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।


इस अवसर लक्ष्मी देवी अकैडमी के मुख्य महाप्रबंधक बेनी प्रसाद भट्ट सहायक प्रबंधक भागवत प्रसाद, सुनील कुमार, लाल बहादुर, बेला देवी, रामदेवी, अमर सिंह, सितार सिंह, रंगा देवी, अलका, हरिश्चंद्र, गंगाधर, किशन, ओम प्रकाश, किरण, मीना देवी आदि कई लोग उपस्थित रहे।




## एक नजर

# देश में बढ़ती आबादी की वजह से समस्याएं बढ़ गई हैं, नियंत्रण जरूरीः अशफाक सैफी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने जनसंख्या बिल लाने की सिफारिश की है। अशफाक सैफी ने बताया, देश में बढ़ती हुई आबादी की वजह से समस्याएं बढ़ गई हैं। इसलिए उसपर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। सैफी ने देश की बढ़ती हुई जनसंख्या को लेकर कहा, यह केवल अल्पसंख्यकों की ही समस्या नहीं है ये पूरे देश की समस्या है। सैफी ने देश की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए कहा, आप देखते हैं कि अस्पतालों में किस तरह से भीड़ लगी होती है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया, एक मुस्लिम फैमिली में पिता को 5 बच्चे हुए उनके पास 100 गज का मकान था अब प्रत्येक बच्चे के हिस्से में महज 20 गज जमीन आई अब आगे जब उनके बच्चे होंगे तो वो क्या करेंगे? अशफाक सैफी ने जनसंख्या बिल का समर्थन करते हुए कहा अब ये देश शरीयत से नहीं बल्कि संविधान से चलेगा। सैफी ने कहा बढ़ती आबादी की वजह से अल्पसंख्यकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा देश को इस बात को समझना होगा और जो सच्चाई है उसे स्वीकार करनी होगी।



# श्रीलंका में प्रधानमंत्री आवास में प्रदर्शनकारियों के दो समूहों में हिंसक झड़प, 10 लोग घायल

नई दिल्ली। आर्थिक संकटों का सामना कर रहे श्रीलंका से प्रधानमंत्री निवास में प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प की खबर आई हैं, जिसमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया हैं। अभी दो दिन पहले ही वहां के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने इस्तीफा देने का एलान किया था। पीएम आवास में मौजूद प्रदर्शनकारियों का प्रदर्शन दिन-प्रतिदिन उग्र होता जा रहा हैं। श्रीलंका में प्रधानमंत्री निवास टेम्पल ट्रीज में प्रदर्शनकारियों के दो समूहों के बीच हुई झड़प में 10 लोगों के घायल होने की खबर है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री निवास टेम्पल ट्रीज में प्रदर्शनकारियों के दो समूहों के बीच झड़प दौरान एक महिला सहित कम से कम 10 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सूत्रों ने बताया कि जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के समर्थकों और प्रदर्शनकारियों के एक समूह के बीच तड़के झड़प हुयी है। कोलंबो पेज की रिपोर्ट के मुताबिक घायलों को कोलंबो नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# केरल में आरएसएस कार्यालय पर फेंका बम, खिड़की के शीशे और दरवाजे टूटे

तिरुवनंतपुरम। केरल के कन्नूर जिले के पय्यानुर में बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय पर बम फेंके जाने की घटना सामने आई है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय पर बम फेंके जाने की घटना सामने आई है। यह मामला आज यानी मंगलवार सुबह का है। घटना के बाद मौके पर सनसनी फैल गई। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पय्यान्नूर पुलिस के अनुसार, यह घटना आज सुबह हुई। हमले में बिल्डिंग की खिड़की के शीशे टूट गए। मौके पर पहुंची बम स्क्वायड की टीम ने आरएसएस कार्यालय की जांच की। घटना के बाद जारी वीडियो और तस्वीर में देखा जा रहा है कि कार्यालय की खिड़की के शीशे और दरवाजे टूट गए। कुर्सियां जमीन पर गिर गई। बम फटने की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। बम फटने से पहले दो मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पहले इलाके की तलाशी ली थी। गनीमत है कि हमले के दौरान कोई मौजूद नहीं था। इससे कोई घायल नहीं हुआ। घटना के बाद से इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आरएसएस कार्यालय पर बम फेंकना चिंता का विषय है। क्योंकि यह ऑफिस पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।



# फिर भाजपा में जाएंगे हरक!

विशेष संवाददाता

देहरादून। राजनीति में सनसनी कहे जाने वाले पूर्व काबीना मंत्री डॉ हरक सिंह रावत फिर एक बार सूबे की राजनीतिक चर्चाओं के केंद्र में हैं। चर्चा है कि डॉ हरक सिंह रावत एक बार फिर कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थामने जा रहे हैं।

इस चर्चा को बेवजह की चर्चा नहीं कहा जा सकता है, भाजपा के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी से गुपचुप तरीके से की गई उनकी मुलाकात ने इस चर्चा को बल दिया है। खास बात यह है कि कांग्रेस में आने के बाद लगभग राजनीति के हाशिए पर आ चुके डॉ हरक सिंह रावत बीते कल अचानक प्रकट हुए और वह सुबह सवेरे न सिर्फ डिफेंस कॉलोनी स्थित भगत दा के आवास पर उनसे मिलने पहुंच गए बल्कि दोपहर बाद अपने आवास पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम व अन्य नेताओं के साथ नजर आए। कांग्रेस नेताओं की इस बैठक के बाद उन्होंने कांग्रेस पर कमजोर विपक्ष होने का भी आरोप लगाया।



**❑राजनीतिक हलकों में चर्चा जोरों पर**
**❑भगत दा से मुलाकात बेवजह तो नहीं**

भगत दा जो भाजपा के एक माहिर रणनीतिकार माने जाते हैं उनके साथ डॉ हरक सिंह की गुपचुप मीटिंग और फिर अपनी पार्टी कांग्रेस के खिलाफ बयान बाजी दोनों को जोड़कर देखा जाए तो यही लगता है कि वह एक बार फिर कभी भी भाजपा मुख्यालय में भगवा पट्टे और गुलदस्ते के साथ नजर आ सकते हैं। हो तो यह भी सकता है कि वह अपने साथ कुछ और भी कांग्रेसी नेता और विधायकों को भी भाजपा में ले जाएं। कांग्रेस में क्योंकि इन दिनों भगदड़ जैसे हालात है। हर किसी का जैसे कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है और हर किसी को अब कांग्रेस में अपना कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है बीते कल आर पी रतूड़ी और कमलेश रमन कांग्रेस छोड़कर आप में चले गए इससे पूर्व जोत सिंह बिष्ट भी आप में जा चुके हैं। वैसे भी भाजपा ने 2024 के आम चुनाव से पूर्व मिशन कांग्रेस सफाया छेड़ रखा है। महाराष्ट्र और गोवा इसका उदाहरण है। भले ही उत्तराखंड में कांग्रेस सत्ता से दूर सही लेकिन चुनावी दौर न होने के बावजूद भी कांग्रेसी कांग्रेस छोड़कर भाग रहे हैं।

2022 विधानसभा चुनाव से पूर्व डॉ हरक सिंह को भाजपा से निकाल दिया गया था अगर उन्हें भाजपा ने निकाला न होता तो वह शायद कांग्रेस में आते भी नहीं। कांग्रेस में फिर आना उनकी मजबूरी ही था लेकिन इसका उन्हें कोई फायदा नहीं हुआ। उन्हें तो टिकट भी नहीं मिला और अपनी पुत्रवधू अनुकृति जिसे टिकट मिला उसे भी वह चुनाव जिता नहीं सके। घर पर वह खाली बैठ नहीं सकते ऐसे में उनकी भाजपा में फिर वापसी ही उन्हें एक विकल्प दिख रही है।

# लड़कियों के दो गुटों के बीच जमकर चले लाठी डंडे, वीडियो वायरल



हमारे संवाददाता


नैनीताल। हल्द्वानी शहर के हीरानगर स्थित योगा पार्क के बाहर लड़कियों के दो गुटों के बीच सड़क पर जमकर लाठी डंडे चलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियों रविवार का बताया जा रहा है जिसमें योगा पार्क के बाहर किसी विवाद को लेकर लड़कियों के दो गुटों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले है।

हल्द्वानी कोतवाली के हीरानगर चौकी स्थित योगा पार्क के आस-पास रहने वाले स्थानीय लोगों के अनुसार रविवार दोपहर ढलते समय लड़कियों के दो गुट टहलने के लिए हीरानगर स्थित योगा पार्क पहुंचे थे।

बताया जा रहा है कि यहां लड़कियों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी जिसके बाद जमकर लाठी डंडे चले। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया।

बताया जा रहा है कि लड़कियों की झड़प के दौरान कुछ लोगों ने लड़कियों को डंडे थमा दिए, जिसके बाद दोनों ओर से डंडे चले। गनीमत रही कि इस मारपीट में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। इसी बीच सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई, जिसके बाद मामला खुद-ब-खुद शांत हो गया।

# शहरी विकास मंत्री ने की स्मार्ट सिटी के काम की समीक्षा



संवाददाता

देहरादून। शहरी विकास मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी श्रीमती सोनिका से स्मार्ट सिटी के विकास कार्यों की समीक्षा की। आज यहां शहरी विकास मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल से मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्मार्ट सिटी श्रीमती सोनिका ने मुलाकात की। इस मौके पर मंत्री डॉ अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी की। मंत्री डॉ अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत हो रहे धीमे निर्माण कार्यों पर असन्तोष जताया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्था और अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर समाधान निकाला जाए साथ ही उन्होंने कहा कि आम जनमानस को स्मार्ट सिटी के कार्यों से किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डॉ अग्रवाल ने कहा कि मानसून सीजन को देखते हुए स्मार्ट सिटी के कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि हमारे लिए जनता का हित सर्वोपरि है। इसके लिए तय समय सीमा को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता के साथ कार्यों को किया जाए।

# महिला का उत्पीड़न करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। महिला का उत्पीडन करने पर पुलिस ने एक को नामजद कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईडीपीएल निवासी महिला ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में आने वाला गंगानगर निवासी संजय अग्रवाल उसको आये दिन परेशान करता रहता है तथा उसको एम्स में नौकरी लगाने के लिए जबरदस्ती कर रहा है। वह उसको कभी फोन करके या फिर उसका पीछा करके उसको परेशान कर रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**


*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*